बरेली । शुक्रवार । 28 नवंबर 2014

अमर उजाला

हरियाणा । दिल्ली । चंडीगढ़ । पंजाब । उत्तर प्रदेश । उत्तराखंड । हिमाचल । जम्मू-कश्मीर

महानगर वर्ष 48 अंक 312 पृष्ठ : 16+16=32 मूल्य : चार रुपये

'उद्देश्य पूरा करने के लिए पहले कल्पना करें'

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में बृहस्पतिवार से इन्स्पायर इंटर्नशिप-2014 की शुरुआत हो गई। केंद्र सरकार की ओर से प्रायोजित विज्ञान कैंप में विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि डीआईजी आरकेएस राठौर रहे। उन्होंने कहा कि जीवन में कुछ बनने का एक ही मूलमंत्र है, मेहनत। ट्रस्ट सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने इन्स्पायर कैंप में विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को आश्वासन दिया कि उनके बच्चे जीवन में कुछ नया करेंगे। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के बोध वाक्य को दोहराया। कहा कि जब तक आप उद्देश्य की कल्पना नहीं करेंगे तब तक लक्ष्य पूरा नहीं होगा। कार्यक्रम समन्वयक सचिन अग्रवाल ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। आईआईटी कानपुर के प्रो. एसके डोगरा ने अंतरआणुविक बल के बारे में बताया। बरेली कॉलेज के डॉ. डीके सक्सेना ने पर्यावरण संरक्षण के तरीके समझाए। कार्यक्रम संचालन इशिका शर्मा ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. केके तिवारी और एमटेक व एमफार्म के विद्यार्थियों का सहयोग रहा।